संख्या-1965/सैंतीस-2-2011-1(32)/10

प्रेषक,

डा0 हरशरण दास,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ:: दिनांक-29 जून, 2011

विषयः- **बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत बकरी क्रय हेतु जिला स्तर पर क्रय समिति गठित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-133/सा0-1/एक्स-120(187)/बु.ख.पै./2011-12, दि0-24.06.11 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत बकरी क्रय हेतु जिला स्तर पर क्रय समिति गठित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- तत्क्रम में सम्यक विचारोपरान्त बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत बकरी क्रय हेतु जिला स्तर पर निम्नानुसार समिति गठित किये जाने का निर्णय इस शर्त के अधीन लिया गया है कि तात्कालिक परिस्थितियों के अनुरूप सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा समिति में यथावश्यक परिवर्तन किया जा सकता हैः-

1. मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी	अध्यक्ष
2. जिलाधिकारी द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य
3. सम्बन्धित क्षेत्र का पशु चिकित्साधिकारी	सदस्य
4. सम्बन्धित क्षेत्र का पशुधन प्रसार अधिकारी	सदस्य
5. सहायक लेखाकार	सदस्य

3- कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 हरशरण दास)
प्रमुख सचिव

पृ0सं0-1965(1)/सैंतीस-2-2011- तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सम्बन्धित जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी।
2. सम्बन्धित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी।

आज्ञा से,

(उमा सिंह)
संयुक्त सचिव